4 नए बैंक खाते खोलने समेत संदिग्ध लेनदेन पर रखें नजर




## खबर संक्षेप

### कोटाडोल हाईस्कूल में छात्र की पिटाई

**मनेन्द्रगढ़।** कोटाडोल हाईस्कूल में छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र ने छात्र शुभचरण कुजूर को अमानवीय तरीके से पीटा। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और परिजन व स्थानीय लोगों ने मामले की निंदा करते हुए शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार घटना के पीछे यह वजह बताई जा रही है कि छात्र स्कूल में पान मसाला खाकर आया था। जब शिक्षक ने इस संबंध में पूछताछ की तो छात्र उनसे उलझ गया, इसके बाद शिक्षक ने छात्र की पिटाई कर दी। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुशासन जरूरी है, परंतु किसी भी स्थिति में बच्चों को इस तरह पीटना उचित नहीं है। परिजन मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की तैयारी की है।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को गिरा छत का प्लास्टर, कर्मचारी घायल

**भैयाथान।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के छत का प्लास्टर गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया। कार्यालय का छत काफी जर्जर हो चुका था वहां कार्यरत महिला कर्मचारी पुष्पलता तिवारी के सिर में गिरने से गंभीर चोटे लगी है। घायल महिला कर्मचारी को अन्य कर्मचारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना उस समय हुई, जब महिला कर्मचारी अपने दैनिक कार्य में व्यस्त थी। चिकित्सकों के अनुसार, महिला को सिर में चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। यह हादसा कार्यालय भवन की बदहाल स्थिति को उजागर करता है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि बीईओ कार्यालय का भवन लंबे समय से जर्जर हालत में है और इसकी मरम्मत के लिए कई बार प्रशासन को सूचित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस घटना ने कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कोरिया-एमसीबी : कलमबंद कार्यालय बंद आंदोलन का दिखा असर

# सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा, धरना प्रदर्शन के बाद निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



कोरिया-एमसीबी जिले में कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में चलाए जा रहे कलमबंद कार्यालय बंद आंदोलन का व्यापक असर देखने को मिला। शुक्रवार को सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा छाया रहा और कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। कार्यालयों में ताले लटके रहे, जिससे राजस्व, शिक्षा, पंचायत, स्वास्थ्य सहित अधिकांश विभागों के कार्य प्रभावित हुए। आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचे आम नागरिक निराश होकर लौट गए।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह दद्दा, संरक्षक शकर सुमन मिश्रा व जिला संयोजक आरएस चांदे के नेतृत्व में स्थानीय प्रेमाबाग प्रांगण में पूरे जोशो खरोश के साथ हुआ और विशाल रूप से मशाल रैली निकाली गई। इसमे सभी कर्मचारी अधिकारी ने क्रांति की मशाल को थामे रखा और सरकार को गहरी नींद से जगाने का पूरा प्रयास किया। उक्त हड़ताल में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मिलित रहने के कारण सभी विभागों में तालाबंदी थी और पूरा काम काज ठप्प था। इस हड़ताल में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, एनएचएम संघ, वन विभाग संघ, शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत सचिव संघ, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक वर्गीय संघ, राजस्व निरीक्षक संघ, कोषालय कर्मचारी संघ, पीएचई विभाग, पीडब्लूडी विभाग, कृषि कर्मचारी संघ, कृषि स्नातक अधिकारी संघ, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम कर्मचारी संघ, आरईएस संघ, महिला एवं बाल विकास विभाग संघ, समाज कल्याण संघ, पशु चिकित्सा संघ, नगर निवेश कर्मचारी संघ, व्यापार व उद्योग संघ, जल संसाधन कर्मचारी अधिकारी संघ, अभियंता संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, तकनीकी कर्मचारी संघ समेत 70 विभागों के कर्मचारी-अधिकारी सम्मिलित रहे। 11 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप

▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूर्व विधायक गुलाब कमरो पहुंचे धरनास्थल



**मनेन्द्रगढ़।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला एमसीबी द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चलाए जा रहे प्रांतव्यापी धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक गुलाब कमरो व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधिक्ता राम नरेश पटेल का समर्थन मिला। शुक्रवार को वे धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों-अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। फेडरेशन की प्रमुख मांगों को जायज ठहराते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी बताकर जनता से कई वादे किए थे, लेकिन अब उन वादों से मुकर रही है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि मैं आप लोगों के साथ सदैव था और सदा रहूंगा, जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। फेडरेशन नेताओं ने गुलाब कमरो व अधिवक्ता रामनरेश पटेल का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस समर्थन से आंदोलन को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि फेडरेशन प्रदेशभर में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चला रही है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही

# 46 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विगत दिनों डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई गई थी। डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य के अंतर्गत पटवारियों को सर्वेयर आईडी बनाने, सर्वेयर के लिए खसरा ऑनलाइन उपलब्ध कराने तथा सर्वे किए गए खसरों का अनुमोदन करने का दायित्व सौंपा गया है। किंतु यह कार्य अपेक्षित रूप से नहीं किया जा रहा है।



कलेक्टर कार्यालय।

इसी प्रकार फार्मर रजिस्ट्री में भी आवश्यक सहयोग नहीं मिल पा रहा है, जिससे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। भविष्य में धान खरीदी व्यवस्था पर भी इसका प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है। जिले के 161 ग्रामों में चल रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण किया जाना है, किंतु धीमी गति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर एवं सोनहत ने बैकुंठपुर तहसील के 16, पटना तहसील के 15, पोड़ी बचरा के 5 एवं सोनहत तहसील के 10 पटवारियों सहित कुल 46 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनसे तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय पर जवाब न देने अथवा जवाब असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में संबंधित पटवारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# भरतपुर-सोनहत को मिली ऐतिहासिक सौगात, दो महतारी सदन होंगे स्थापित



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर-सोनहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार एक के बाद एक ठोस कदम उठा रही है। अब इस दिशा में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र को भी ऐतिहासिक सौगात मिली है।

विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह की पहल पर रामगढ़ और कटगोड़ी में दो महतारी सदनों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 166 महतारी सदनों का निर्माण किया जाना है, इनमें से दो भरतपुर-सोनहत को प्राप्त होना महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि महतारी सदन केवल आश्रय का स्थान नहीं होगा, बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का आधार बनेगा।

भाजपा सरकार का लक्ष्य है महिलाओं को सुरक्षित जीवन, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना।




**खबर संक्षेप**

### पंचायत प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण



**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में गुरूवार को जनपद पंचायत प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 19 अगस्त से प्रारंभ होकर 21 अगस्त तक चला। आरजीएसए योजनांतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण विकास के लिए चुने गए जनप्रतिनिधियों को सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में उन्मुख करना रहा। पंचायत की भूमिका, जिम्मेदारी, ग्रामसभा की शक्तियों व लेखा- बजट प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की प्रविष्टि, पंचायत निर्माण कार्य, स्वच्छता अभियान और महिला-बाल हितैषी पंचायत, गरीबी मुक्त पंचायत, उन्नत आजीविका और ग्राम पंचायत विकास योजना, सामाजिक अंकेक्षण, कौशल विकास, आजीविका के साधन और संसाधनों का उपयोग था। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों के द्वारा सारगर्भित जानकारी दी गई। तीन दिवसीय सत्र में अलग-अलग विषय विशेषज्ञों ने जनप्रतिनिधियों को योजनाओं और उनकी भूमिका की जानकारी दी।

### संभाग स्तरीय क्षमता विकास वर्ग का समापन

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा को समर्पित एकल अभियान के अंतर्गत संचालित संभाग स्तरीय क्षमता विकास वर्ग का भव्य समापन समारोह 24 अगस्त को सायं 5 बजे गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल लाई मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एकल अभियान के छग प्रांत के प्रांतीय सचिव राजीव नंदे उपस्थित रहेंगे। शिक्षा और संस्कार का जनआंदोलन-एकल अभियान का लक्ष्य ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों तक शिक्षा और संस्कार की ज्योति पहुंचाना है। प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक आत्मनिर्भरता का संदेश पहुंचाने के लिए अभियान से जुड़े कार्यकर्ता वर्षों से समर्पित भाव से सेवा कार्य कर रहे हैं। क्षमता विकास वर्ग का उद्देश्य इन्हीं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल और दृष्टि को और सुदृढ़ करना है।

### लायंस क्लब ने लगाए गुलमोहर के पौधे



मनेन्द्रगढ़। लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ प्राइड द्वारा गुरूवार को सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने गुलमोहर के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष लायन पूनम सिंह ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं, पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस तरह के प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करेंगे। सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## साइबर फ्रॉड की रोकथाम के लिए रक्षित केन्द्र में हुई बैठक

# नए बैंक खाते खोलने समेत संदिग्ध लेनदेन पर रखें नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन और मार्गदर्शन में पुलिस और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के बीच एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर फ्रॉड की रोकथाम, बैंक खाताधारकों को जागरूक करना और संदिग्ध म्यूल अकाउंट पर निगरानी रखने के लिए आवश्यक रणनीति तैयार करना रहा।

पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी बेहद चालाक तरीकों से भोले-भाले नागरिकों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। कभी लॉटरी, इनाम या निवेश के नाम पर, तो कभी फर्जी नौकरी और ऑनलाइन खरीददारी के बहाने लोगों से ठगी की जा रही है। ऐसे मामलों में सबसे बड़ी भूमिका उन म्यूल अकाउंट्स की होती है, जिन्हें अनजाने खाताधारकों के नाम पर खोलकर अपराधी अवैध रूप से धन का लेन-देन करते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस और बैंकिंग संस्थाओं के बीच समन्वय और भी मजबूत होना आवश्यक है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नए खाते खोलने के दौरान ग्राहकों की पूरी तरह से पड़ताल करें तथा संदिग्ध लेन-देन पर विशेष नजर रखें। यदि किसी खाते में असामान्य गतिविधियां दिखाई देती हैं, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। जब तक लोग स्वयं सतर्क नहीं होंगे, तब तक अपराधियों को रोकना मुश्किल है। बैठक में मौजूद विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों और अधिकारियों ने भी इस दिशा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बैंक स्तर पर खाताधारकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। खाताधारकों को यह समझाया जाएगा कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने खाते का उपयोग करने की अनुमति न दें और यदि कोई व्यक्ति इस तरह का प्रस्ताव लेकर आता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधिकारियों ने हाल ही में घटित कुछ साइबर फ्रॉड के मामलों का भी उल्लेख किया और बताया कि किस प्रकार लोगों को झूठे लालच देकर उनके बैंक खाते का दुरूपयोग किया गया। कई बार खाताधारक यह सोचकर खाते उपलब्ध करा देते हैं कि उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, लेकिन बाद में वहीं खाते अपराधियों के लिए ढाल बन जाते हैं और खाताधारकों को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने उपस्थित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे समय-समय पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करें। गांव-गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को बताया जाए कि किसी भी अजनबी व्यक्ति पर भरोसा कर अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करने देना गंभीर अपराध है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि यदि कोई व्यक्ति अकाउंट खोलने के दौरान घबराहट, झिझक या विरोधाभासी बयान देता है तो उस पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## गोंगपा ने निकाली रैली, कुमार चौक में आम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शुक्रवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला कोरिया ने जिले में किसानों, आदिवासियों,महिलाओं और ग्रामीण जनता से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और प्रशासन द्वारा ठोस कदम न उठाए जाने से असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में दर्ज कई मुद्दों को तत्काल हल करने की मांग की गई है,साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

ज्ञापन में सबसे अधिक जोर किसानों की परेशानियों पर दिया गया। पार्टी ने कहा कि जिले के कई ग्राम पंचायतों में सहकारी बैंक शाखा नहीं होने से किसान समय पर ऋण व अन्य सुविधाओं से वंचित हैं। इसके चलते उन्हें निजी साहूकारों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नई शाखाएं खोलने की मांग की गई। धान खरीदी केन्द्रों को बंद करने पर भी पार्टी ने आपत्ति जताई और कहा कि खरीदी केन्द्र बंद होने से किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी दिक्कत हो रही है। पार्टी ने मांग की कि सभी बंद धान खरीदी केन्द्रों को तुरंत शुरू किया जाए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की सुविधा दी जाए। पार्टी ने कहा कि जिले के कई गांव आज भी सड़क,बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्राम पंचायतों में अधूरे भवन और अपूर्ण योजनाओं की जांच कर उन्हें पूरा कराने की आवश्यकता है। धरना प्रदर्शन के दौरान श्याम सिंह मरकाम राष्ट्रीय महासचिव, संतोष चंद्राकर राष्ट्रीय महामंत्री, डॉक्टर एलएस उदय राष्ट्रीय महामंत्री, इंजीनियर संजय सिंह कमरो प्रदेश अध्यक्ष छग, कुलदीप प्रजापति कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष, डीएल भास्कर प्रदेश महासचिव, निलेश पांडे प्रदेश महामंत्री,राजा गीतकार सिंह, संभागीय महामंत्री सरगुजा, राजाराम जांता जिला अध्यक्ष कोरिया, स्नेहलता उदय जिला पंचायत सदस्य, सुषमा कोराम जिला पंचायत सदस्य, गोरेलाल कोराम जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, जवाहरलाल यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग,सुनील सिंह आयम जिला अध्यक्ष छात्र संगठन सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## वन अधिकार अधिनियम के तहत भर्ती प्रक्रिया शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी व सुचारू क्रियान्वयन के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) और एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) के पदों पर अस्थायी नियुक्ति की जाएगी। जिला स्तरीय समन्वयक के लिए प्रतिमाह 30 हजार रूपए तथा एमआईएस सहायक के लिए 20 हजार रूपए मानदेय निर्धारित किया गया है। दोनों पदों पर नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे कार्य प्रदर्शन एवं आवश्यकता के आधार पर बढ़ाया जा सकेगा। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 22 अगस्त से प्रारंभ होकर 11 सितंबर शाम 5:30 बजे तक चलेगी। प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची 17 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी, जबकि 19 सितंबर की सांय 5:30 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। तत्पश्चात पात्र-अपात्र आवेदकों की प्रथम सूची 22 सितंबर को जारी होगी।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले फसलों में आई नई जान



मनेन्द्रगढ़। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। कई दिनों से सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे किसानों को इस वर्षा ने बड़ी राहत दी है। खेतों में बुवाई के बाद नमी की कमी से फसल मुरझाने लगी थी, वहीं इस समय पर हुई बरसात से फसलों में नई जान आ गई है। ग्रामीण अंचल के किसानों ने बताया कि इस बारिश से धान, मक्का, तिलहन और दलहन की फसलों को भरपूर लाभ होगा। जिन खेतों में पौधों की रोपाई हो चुकी थी, उनमें अब पर्याप्त नमी मिलने से विकास की रफ्तार तेज होगी। किसान रामलाल यादव ने खुशी जताते हुए कहा कि यह बारिश हमारे लिए संजीवनी बनकर आई है, अब फसल बच जाएगी। वहीं किसान कन्हैया पटेल ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में इसी तरह अच्छी बारिश होती रही तो इस बार पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है।

## बकायादारों पर सख्ती, नपा ने काटे नल कनेक्शन



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ ने बकायादारों के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए गुरूवार को वार्ड क्रमांक 5 में संपत्तिकर, समेकितकर और जलकर की वसूली के लिए अभियान चलाया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी इसहाक खान के निर्देश पर काफी संख्या में बकायादारों के घर-घर जाकर वसूली की गई और जिनका बकाया अधिक था, उनके नल कनेक्शन काट दिए गए।

नगर पालिका की टीम ने कार्रवाई के दौरान यह पाया कि कई उपभोक्ता वर्षों से कर जमा नहीं कर रहे हैं। सीएमओ इसहाक खान ने बताया कि कर की राशि समय पर जमा नहीं होने से नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही वार्डों में अवैध नल कनेक्शनों की भी भरमार है। ऐसे में नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए करीब एक दर्जन बकायादारों के नल कनेक्शन बंद कर दिए। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय पर जलकर, संपत्तिकर और समेकितकर की राशि जमा करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। 21 अगस्त को वार्ड क्रमांक 5 के विभिन्न हिस्सों में चली इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मचा रहा।

## डिजिटल फसल सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



■ धान भुगतान होगा सीधे आधार लिंक्ड खातों में

बैकुण्ठपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विगत दिनों आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्पष्ट कहा कि जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 में किसानों द्वारा बोई गई प्रत्येक फसल का सटीक और गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण कराया जाए। पटवारियों को प्रतिदिन कार्य का पर्यवेक्षण करने और सर्वेक्षण प्रविष्टियों का राजस्व निरीक्षक द्वारा सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि ढिलाई बरतने पर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिला सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 से किसानों को धान विक्रय की राशि सीधे उनके आधार लिंक्ड बैंक खातों में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है, इसके लिए कोरिया जिला राज्य का मॉडल जिला चुना गया है। गत वर्ष जिले के 23,117 किसानों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 20,316 किसानों ने धान विक्रय किया। अब तक 1,873 किसानों के खाते आधार से लिंक किए जा चुके हैं और 18,443 खातों का कार्य प्रगति पर है। किसानों से अपील की गई है कि वे समिति या जिला सहकारी बैंक शाखा में जाकर अपने बैंक खातों को आधार से शीघ्र लिंक कराएं।

## सड़क पर रखा सामान अब सीधे जब्त होगा



शहर में निकले अधिकारी।

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में लगातार लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मुख्य मार्गों पर सख्त कार्रवाई शुरू की। टीम ने बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कि अब दुकान से बाहर सामान रखा मिला तो सीधे जब्ती की कार्रवाई होगी।

निरीक्षण अभियान में एसडीएम एलआर सिदार, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अलेक्स टोप्पो, कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी, सीएमओ इशहाक खान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान के तहत राजस्व विभाग, पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी भगत सिंह तिराहा से फव्वारा चौक होते हुए गांधी चौक तक पैदल निरीक्षण पर निकले। इस दौरान कई दुकानदार प्रशासन को देखकर फौरन अपना सामान भीतर समेटते नजर आए। अधिकारियों ने कहा कि यह अंतिम चेतावनी है, आगे से दोबारा समझाने कोई टीम नहीं आएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम लिंगराज सिदार ने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद दुकानदार सड़क घेरकर राहगीरों और वाहनों को परेशान करते हैं, इससे आए दिन जाम लगता है। उन्होंने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है कि सख्त कार्रवाई हो, ताकि जनता को राहत मिल सके। नगर पालिका सीएमओ इसहाक खान ने कहा कि अब रोजाना समझाइश नहीं दी जाएगी। कल से किसी को बोला नहीं जाएगा, सीधे सामान जब्त किया जाएगा उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी। कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी ने दुकानदारों को कहा कि अगली बार नियम तोड़ने वालों पर सीधे चालानी और कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की टीम नियमित निरीक्षण करेगी।

## 4 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 2500 वर्गफुट में होगा निर्माण

**बैकुण्ठपुर।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए सुरक्षित, सामुदायिक कार्यस्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा महतारी सदन की स्थापना की जा रही है। इसीक्रम में कोरिया जिले में चार महतारी सदनों की स्वीकृति मिली है। इनमें बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम बुड़ार और अंगा तथा सोनहत विकासखंड के ग्राम रामगढ़ और कटगोड़ी पंचायत शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि महतारी सदन महिलाओं को स्वरोजगार और सामूहिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आपसी समरसता बढ़ाने में यह सदन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में अब-तक 368 महतारी सदनों की स्वीकृति दी जा चुकी है।

## विद्यार्थियों को दिलाई गई नशा मुक्त समाज की शपथ





**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेरा भारत नशा मुक्तर हे कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को शासकीय कन्या आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आलोक भवाल, नशामुक्ति केन्द्र के संचालक प्रभाकर द्विवेदी, ब्रम्हाकुमारी बहनें बीके सुनीता एवं बीके रूपा, शाला प्रभारी प्राचार्य पी. सिंह, एसए अली, कविता सोनवानी, जिज्ञासा दुबे, कल्पना शिवहरे, ए. शर्मा सहित शिक्षकगण सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप संचालक आलोक भवाल ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जरूरी नहीं कि सभी लोग नशा करते हों, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक रहकर नशे से दूर रहना चाहिए। बीके रूपा ने नशे को केवल नशीले पदार्थों तक सीमित न मानते हुए कहा कि आज हम मोबाइल, खानपान और संबंधों के भी आदी होते जा रहे हैं। यह मन की कमजोरी है, जिसे ध्यान और मेडिटेशन के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति पाने वाले व्यक्ति को परिवार और समाज का सहयोग मिलना चाहिए, न कि तिरस्कार। शाला प्रभारी प्राचार्य पी. सिंह ने इस तरह के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बताते हुए बच्चों से अपील की कि वे यहां बताई गई बातों को आत्मसात करें। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभाकर द्विवेदी ने किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सरकारी दफ्तरों में ...

से डीए का लंबित एरियर्श का भुगतान जिसमे 2019 से शासन ने हमेशा दो वर्ष देर से डीए दिया, किंतु उसका एरियर्स आज तक नहीं दिया, जबकि मोदी की गारंटी में तत्काल डीए और बकाया एरियर्स की राशि के भुगतान का वादा किया गया था । फेडरेशन की मांग है कि 2019 से बकाया डीए राशि का भुगतान तत्काल किया जाए। दूसरी मांग है अवकाश नगदीकरण 240 दिन के बजाए 300 दिन किया जाए। ज्ञात हो कि शासकीय कर्मचारियों को अपने सेवा काल में बचाए गए अवकाश अर्थात यदि सरकारी कर्मचारी यदि छुट्टी न ले तो उसको बचाए गए अवकाश के बदले पेमेंट का प्रावधान है यह सीमा 240 दिन की है जिसे मध्यप्रदेश के अनुसार 300 दिन करने की मांग की गई है। तीसरी मांग में अन्य भाजपा शासित राज्यों के अनुसार छग में भी सरकारी कर्मचारियों सेवा की अवधि 60 वर्ष बजाए 65 वर्ष करने की मांग की गई है, ताकि व्यक्ति के अधिकतम अनुभव का लाभ जनता को मिल सके। वर्तमान में सरकार ने 2 प्रतिशन डीए देने की घोषणा तो की किंतु सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि 2 प्रतिशत डीए कब से मिलेगा यह नहीं बताया शायद अगले पंवर्षीय बाद मिल सकता है और इस 2 प्रतिशत डीए को 2 वर्ष बाद लागू किया गया और परंपरा अनुसार उसका एरियर्स भी नहीं दिया गया। ज्ञात हो कि सविलियन हुए प्रदेश में कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना नहीं की जा रही है, जिससे उनको रिटायरमेंट के समय मात्र 15 से 25 प्रतिशन पेंशन ही प्राप्त होगा, जिससे उनका वृद्धा अवस्था पूर्णतः असुरक्षित है प्रदेश में पूर्ण 50 प्रतिशत पेंशन एक सपना हो गया है। अगली मांग में फेडरेशन की मांग है कि अन्य राज्यों की भांति छग में भी चार स्तरीय वेतनमान लागू किया जाए और पंचायत सचिव सहित उन सभी कर्मचारियों का शासकीय करण किया जाए जो शासकीय नहीं है।







